(38)

संख्या–ए–1– 439 /दस–2010–10(49)/2008

प्रेषक,

मनजीत सिंह,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1–समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।
2–समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

वित्त (लेखा) अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक : 16 जून, 2010

विषयः– वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के प्रस्तर–127 के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के प्रस्तर–127 में यह प्रावधान है कि विभागाध्यक्ष द्वारा प्रत्येक कार्यालय में सृजित पदों का वार्षिक संख्यात्मक विवरण तैयार किया जायेगा और अपने प्रशासकीय विभाग को भेजा जायेगा, जो उसे वित्त विभाग को विलम्बतम् 15 सितम्बर तक उपलब्ध करायेंगे। शासन के संज्ञान में आया है कि विभागाध्यक्षों तथा प्रशासकीय विभागों द्वारा उक्त प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही नहीं की जा रही है।

2– अतः विभागाध्यक्षों द्वारा संलग्न प्रारूप पर अपेक्षित सूचना अपने प्रशासकीय विभाग को यथासमय इस प्रकार उपलब्ध करा दी जाय कि प्रशासकीय विभाग उसे वित्त विभाग (सम्बन्धित व्यय–नियंत्रण अनुभाग) को तथा प्रधान महालेखाकार, सिविल आडिट, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को प्रत्येक वर्ष 15 सितम्बर तक भेजा जाना सुनिश्चित कर लें।

भवदीय,

संलग्नक : यथोपरि।

(मनजीत सिंह)
प्रमुख सचिव।

संख्याः ए–1–439(1)/दस–2010–10(49)/2008, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– प्रधान महालेखाकार, सिविल आडिट, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2– प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
3– प्रमुख सचिव, विधान सभा/विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश।
4– समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

(पी0एन0 त्रिपाठी)
अनुसचिव।

शासनादेश संख्या–ए–1– 439 /दस–2010–10(49)/2008, दिनांक 16 जून, 2010 का संलग्नक

Annual statement showing the numerical strength of establishment in .....Department as on August 1, (Current financial year)

Name of office	Designation of the post	Scale of pay	Total number of existing post		Total number of posts likely to be retained in the next financial year		Total liability on account of posts in column 5						Remarks
			Permanent	Temporary	Permanent	Temporary	Permanent			Temporary			
							Pay	D.A.	Other Allowances	Pay	D.A.	Other Allowances	
1	2	3	4		5		6						7

शासनादेश संख्या–ए–1– 439 /दस–2010–10(49)/2008, दिनांक 16 जून, 2010 का संलग्नक

Annual statement showing the numerical strength of establishment in .....Department as on August 1, (Current financial year)

Name of office	Designation of the post	Scale of pay	Total number of existing post		Total number of posts likely to be retained in the next financial year		Total liability on account of posts in column 5						Remarks
			Permanent	Temporary	Permanent	Temporary	Permanent			Temporary			
							Pay	D.A.	Other Allowances	Pay	D.A.	Other Allowances	
1	2	3	4		5		6						7